nandgaon times march-25-03.qxd 3/24/2025 11:58 PM Page 1

राजपूत समाज ने महिला सशक्तिकरण... पृष्ठ 2 | उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स


नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559

मंगलवार, 25 मार्च 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 158, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# छत्तीसगढ़ विधानसभा ने कभी नहीं देखा मार्शल का उपयोग
## उच्च लोकतांत्रिक परंपराओं की मिसाल : राष्ट्रपति मुर्मू



**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छत्तीसगढ़ विधानसभा की सराहना करते हुए कहा कि यह सदन पिछले 25 वर्षों में कभी भी मार्शल बल के उपयोग का गवाह नहीं बना है, जिससे यह उच्च लोकतांत्रिक परंपराओं की मिसाल पेश करता है।

रायपुर में राज्य विधानसभा के रजत जयंती समारोह में शामिल होते हुए राष्ट्रपति ने कहा, मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि छत्तीसगढ़ ने सदन के संचालन के संबंध में न केवल देश बल्कि पूरे लोकतांत्रिक विश्व के लिए एक विशिष्ट आदर्श प्रस्तुत किया है।

उन्होंने विधायकों को संबोधित करते हुए कहा, अपने अनुभव से कह सकती हूं कि बतौर विधायक जनता की सेवा के लिए समर्पित रहना एक सौभाग्य की बात होती है।

### नक्सल प्रभावित इलाकों में बदलाव का दौर

राष्ट्रपति ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को मुख्यधारा में लाने की प्रक्रिया अब अंतिम और निर्णायक चरण में है।

उन्होंने कहा, मुझे बताया गया है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लोग विकास के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहते हैं। जल्द ही राज्य नक्सली समस्या से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा।

### महिला विधायकों को आगे बढ़ाने का आह्वान

राष्ट्रपति ने विधानसभा में 90 में से 19 महिलाओं के निर्वाचित होने पर खुशी जताई। राज्य की लिंगानुपात दर 991 होने के कारण उन्होंने महिला विधायकों से आग्रह किया कि वे विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को प्रेरित करें और उनके पेशेवर सशक्तिकरण में योगदान दें।

उन्होंने कहा, जब हर महिला दूसरी महिलाओं को सशक्त बनाएगी, तो हमारा समाज अधिक मजबूत और संवेदनशील बनेगा। विधानसभा में महिलाओं की संख्या को और बढ़ाने के प्रयास किए जाने चाहिए।

### विकास और प्रकृति में संतुलन ज़रूरी

राष्ट्रपति ने छत्तीसगढ़ को प्राकृतिक और खनिज संसाधनों से समृद्ध राज्य बताया, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि नीति-निर्माताओं की जिम्मेदारी है कि वे विकास और प्रकृति के बीच सही संतुलन बनाए रखें।उन्होंने कहा, आधुनिक विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी सुनिश्चित करना आवश्यक है। समाज के सभी वर्गों को विकास की यात्रा में शामिल किया जाना चाहिए।

### राष्ट्रपति का विधानसभा में संबोधन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने जानकारी दी कि राष्ट्रपति मुर्मू से पहले भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और प्रतिभा देवीसिंह पाटिल ने भी छत्तीसगढ़ विधानसभा को संबोधित किया था। डॉ. सिंह ने कहा,



मुझे गर्व है कि मैं इन तीनों ऐतिहासिक अवसरों का साक्षी रहा हूं। राष्ट्रपति मुर्मू ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा पारित 565 विधेयकों में से अधिकांश च्अंत्योदयज्, मानवता और समग्र विकास के आदर्शों से प्रेरित रहे हैं।

# ठेठवार समाज का नवनिर्मित भवन का लोकार्पण संपन्न





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम कलडबरी राजनांदगांव में ठेठवार (यादव) समाज का नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया गया एवं वार्षिक सम्मेलन में होली मिलन समारोह समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि का सम्मान, समाज के अलग-अलग क्षेत्र समाज का नाम रोशन करने वाले सभी का सम्मान किया गया। नवनिर्मित भवन लोकापर्ण के मुख्य अतिथि- मधुसूदन यादव महापौर एवं पूर्व सांसद राजनांदगांव। अध्यक्षता- श्रीमती प्रतिमा पप्पु चन्द्राकर (अध्यक्ष) जनपद पंचायत राजनांदगांव, विशिष्ट अतिथि- श्री अगेश्वरी देशमुख जी जिला पंचायत सदस्य राजनांदगांव, श्रीमती मंजु चंदेल जनपद सदस्य, श्रीमती गायत्री शेखर यदु सरपंच ग्राम कलडबरी एवं समस्त पंचगण कलडबरी एवं समस्त पंचगण कलडबरी राजनांदगांव वार्षिक अधिवेशन समापन समारोह के मुख्य अतिथि गुलेन्द्र यादव जी राजिम महासभा ठेठवार यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष । वे अपने उद्बोधन में समाज के जागरूकता और एकता की संगठित की बात कही। महापौर मधुसूदन यादव ने अपने उद्बोधन में समाज के शिक्षा को बढ़ाने और अपने व्यवसायों को आगे बढ़ाने शासन की योजना का लाभ लेने को कहा। इस सफल कार्यक्रम में उपस्थित थे- राज ठेठवार, मनहरण यदु, अध्यक्ष उपेन्द्र यदु, सचिव प्रेमशंकर यादव, राज सरपंच नरसिंग यदु, कोषाध्यक्ष रितेश यादव, पूर्व सरपंच शेखर यदु, पूर्व जनपद सदस्य, रतन यादव, उपसरपंच भेडवरवानी टीकम यदु, समाज के पंचगण- गणेश, शिवप्रसाद, झुल्लूराम, रमेश यादव, विनोद, बंटी यादव, राजेन्द्र यादव, छबिलाल, जगमोहन यदू, श्रीमति कल्याणी अधिक संख्या में महिला एवं माताएं व वरिष्ठ लोग उपस्थित थे।

# निगम अध्यक्ष पारस वर्मा ने अध्यक्ष कक्ष में पूजा अर्चना कर कार्यभार ग्रहण किया

### महापौर यादव एवं आयुक्त विश्वकर्मा ने दी बधाई



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम के नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा ने आज पूर्वान्ह में निगम कार्यालय के अध्यक्ष कक्ष में पूजा अर्चना कर कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण के दौरान महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने पुष्पगुच्छ भेट कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों व पार्षदो ने भी उन्हें माला पहनाकर बधाई दी। कार्यभार ग्रहण के दौरान निगम अध्यक्ष श्री पारस वर्मा ने कहा कि महापौर श्री मधुसूदन यादव सहित संगठन के वरिष्ठजनों ने मुझे निगम अध्यक्ष के लिये नामित किया और पार्षद साथियो ने मुझे मतदान कर अध्यक्ष बनाया जिसके लिये मैं महापौर, संगठन और पार्षदो का सहृदय आभारी हूँ। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव, प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा, सांसद श्री संतोष पाण्डे के मार्गदर्शन में महापौर श्री यादव के साथ मिलकर शहर विकास करेंगे तथा शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुचायेगे। उन्होंने अपने वार्ड नं. 16 के वासियों का भी आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उन्होंने मुझे भारी मतो से विजयी बनाया। उन्होंने कहा कि मै उनके विश्वास में खरा उतरकर उनकी मंशानुरूप वार्ड में विकास कार्य करेंगे। इस अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण, पार्षदगण, वार्डवासी एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# शासकीय अवकाश में भी पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे

### कर्मा जयंती के बाद रविवार , ईद-उल-फितर में भी खुले रहेंगे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )** राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम दिनों में राजस्व संग्रहण और नागरिक सुविधा को प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब आगामी शासकीय अवकाशों के बावजूद भी पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे और दस्तावेजों का पंजीयन कार्य सुचारू रूप से जारी रहेगा। पंजीयन विभाग, जो कि राज्य के लिए प्रमुख राजस्व-संग्रहण विभागों में से एक है, प्रत्येक वर्ष मार्च माह में अधिकतम पंजीयन दर्ज करता है। इस बार, वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में मात्र सात दिन शेष रहने के कारण राज्य सरकार ने निम्नलिखित शासकीय अवकाशों पर भी पंजीयन कार्यालय चालू रखने का निर्णय लिया है:

1. 25 मार्च 2025 - भक्त माता कर्मा जयंती
2. 29 मार्च 2025 - मार्च माह का अंतिम शनिवार
3. 30 मार्च 2025 - मार्च माह का अंतिम रविवार
4. 31 मार्च 2025 - ईद-उल-फितर

सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, इन दिनों में पंजीयन कार्यालयों में नियमित पंजीयन कार्य संपन्न होगा, जिससे आम जनता को दस्तावेजों के पंजीयन में कोई असुविधा न हो। साथ ही, 31 मार्च 2025 तक शासकीय लेनदेन सुनिश्चित करने के लिए बैंकों को भी खुला रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस संदर्भ में जिला पंजीयक, कोषालय अधिकारी एवं भारतीय स्टेट बैंक के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया है, ताकि वित्तीय वर्ष के समापन तक सभी आवश्यक प्रक्रियाएं बिना किसी बाधा के पूरी की जा सकें। यह निर्णय नागरिकों के लिए राहतभरा साबित होगा, क्योंकि मार्च माह में संपत्ति खरीद-फरोख्त से जुड़े दस्तावेजों के पंजीयन की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जाती है। शासकीय अवकाशों के दौरान भी पंजीयन कार्यालय खुले रहने से लोगों को अपने दस्तावेजों के पंजीयन में देरी या असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### मुख्यमंत्री साय ने दी भक्त माता कर्मा जयंती की शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को भक्त माता कर्मा जयंती की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने माता कर्मा से समस्त छत्तीसगढ़वासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति की कामना करते हुए कहा कि भक्त माता कर्मा का जीवन सेवा, भक्ति, त्याग और परोपकार की अनुपम मिसाल है। वे भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त थीं और उनका आदर्श आज भी जनमानस को प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में माता कर्मा जयंती का पर्व पूरे श्रद्धाभाव और सामाजिक समरसता के साथ मनाया जाता है।

# पेयजल पानी की समस्या को लेकर ग्रामीण परेशान



### लोकप्रिय सांसद को निराकरण के लिए लगाई गुहार

**डोंगरगढ़/पारागांवकला (नांदगांव टाइम्स)।** ग्रीष्मकालीन ऋतु की शुरुआत होते ही नदी नाले सुखने लगे जिससे ग्रामीणों के सामने निस्तारी से लेकर पीने का पानी के लिए समस्याओं से जूझना पड़ रहा है और समस्या के निराकरण के लिए पारागांव कला के ग्रामीणों ने वीरांगना आंवती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर पहुँचे जिले के लोकप्रिय सांसद संतोष पांडे को अवगत करा शीघ्र निराकरण की गुहार लगाई है. वही ग्रामीणों ने बताया कि 04 माह हो गए है हर घर नल, हर घर जल की सुविधा बंद है और गांव का सरकारी नलकुप बोर भी खराब हो चुका है जिससे ग्रामवासियो को पीने के पानी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिससे पारागांवकला व आश्रित ग्राम आरबीरा दोनों गांव के लोग परेशान है. जिसकी शिकायत छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जारी किए नल जल शिकायत करने पर कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं होती. वहीं बारिश के दिनों में गांव में पक्की नाली का निर्माण नहीं होने से बारिश का पानी खेतों व गांव के घरों में प्रवेश कर जाता है जिससे फसल के आलावा घर में भी भारी नुकसान होता है जिसके लिए नाईपारा से नहरनाली तक पक्की नाली निर्माण कार्य स्वीकृत कराने की मांग की गई है.

जिस पर श्री पांडे ने समस्याओं पर ग्रामीणों से गहन विचार विमर्श करते शीघ्र समस्याओं से निदान दिलाने का विश्वास जताते आश्वाशन दिया गया है. इस अवसर पर सांसद संतोष पांडे, भाजपा नेता मूलचंद लोधी, तेजलाल वर्मा, लक्ष्मीनारायण, कंवल निर्मलकर सहित ग्राम के पेयजल पानी की समस्या को लेकर ग्रामीण परेशान.

### लोकप्रिय सांसद को निराकरण के लिए लगाई गुहार



ग्रीष्मकालीन ऋतु की शुरुआत होते ही नदी नाले सुखने लगे जिससे ग्रामीणों के सामने निस्तारी से लेकर पीने का पानी के लिए समस्याओं से जूझना पड़ रहा है और समस्या के निराकरण के लिए पारागांव कला के ग्रामीणों ने वीरांगना आंवती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर पहुँचे जिले के लोकप्रिय सांसद संतोष पांडे को अवगत करा शीघ्र निराकरण की गुहार लगाई है. वही ग्रामीणों ने बताया कि 04 माह हो गए है हर घर नल, हर घर जल की सुविधा बंद है और गांव का सरकारी नलकुप बोर भी खराब हो चुका है जिससे ग्रामवासियो को पीने के पानी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिससे पारागांवकला व आश्रित ग्राम आरबीरा दोनों गांव के लोग परेशान है. जिसकी शिकायत छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जारी किए नल जल शिकायत करने पर कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं होती. वहीं बारिश के दिनों में गांव में पक्की नाली का निर्माण नहीं होने से बारिश का पानी खेतों व गांव के घरों में प्रवेश कर जाता है जिससे फसल के आलावा घर में भी भारी नुकसान होता है जिसके लिए नाईपारा से नहरनाली तक पक्की नाली निर्माण कार्य स्वीकृत कराने की मांग की गई है. जिस पर श्री पांडे ने समस्याओं पर ग्रामीणों से गहन विचार विमर्श करते शीघ्र समस्याओं से निदान दिलाने का विश्वास जताते आश्वाशन दिया गया है. इस अवसर पर सांसद संतोष पांडे, भाजपा नेता मूलचंद लोधी, तेजलाल वर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण, सरपंच इंद्रजीत साहू, पूर्व सरपंच मुसरा कंवल निर्मलकर सहित ग्राम के सोमसिंग,प्रीतम वर्मा, ईश्वरलाल,सुरेन्द्र साहू,यशवंत प्रकाश ,समीर, पर्मेश्वर, श्रीमति लताबाई सिन्हा सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे.



# राजपूत समाज ने महिला सशक्तिकरण को दिया हमेशा बढ़ावा

## छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा महिला विंग और पद्मावत महिला कल्याण समिति के संयुक्त आयोजन में सशक्त महिलाओं ने साझा किए अपने अनुभव



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ राजपूत महिला महासभा और पद्मावत महिला कल्याण समिति के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को आयोजित महिला दिवस के कार्यक्रम पर समाज के अलग-अलग क्षेत्र में लोक कल्याण का कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए राजपूत समाज के योगदान पर भी चर्चा की गई। महिलाओं के सशक्त होने की दिशा में काम करने के लिए लगातार राजपूत समाज ऐसे आयोजन करते आ रहा है, जिससे समाज की महिलाओं को प्रेरणा मिले और वह सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ सके।

महिला दिवस के अवसर पर महाराणा प्रताप भवन में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दुर्ग महापौर अलका बाघमार शामिल हुई, वहीं विशेष अतिथि के रूप में महिला सशक्तिकरण के लिए जाने जाने वाली पद्मश्री फुलबासन यादव भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव उपाध्यक्ष किरण साहू, पूर्व महापौर हेमा देशमुख सहित समाजसेविका श्रीमती करुणा यादव भी मौजूद रहीं।

इस दौरान दुर्ग महापौर अलका बाघमारा ने कहा कि आज समाज में महिलाओं को हर मंच पर सम्मान मिल रहा है, महिलाएं केवल अपने आत्मसाहस को जागृत करें और समाज कल्याण के लिए हर स्तर पर आगे आए। उन्होंने छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के महिला विंग द्वारा किए जा रहे कार्यों की काफी सराहना की और कहा कि समाज महिलाओं को हर संभव मदद के लिए प्रयास कर रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ राजपूत महिला महासभा अध्यक्ष सुषमा सिंह ने कहा कि राजपूत समाज हर वर्ग के महिलाओं को लेकर चल रहा है और महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है।

### फुलबासन ने बताई अपने संघर्ष की कहानी



कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को पद्मश्री फुलबासन यादव ने अपने संघर्ष की कहानी बताते हुए कहा कि चार बकरियां लेकर वह महिला सशक्तिकरण की राह में चल पड़ी थी और आज उनके पीछे महिलाओं का कारवां चल रहा है। उन्होंने बताया कि 2000 से अधिक महिला समूहों के जरिए उन्होंने महिलाओं को सशक्त करने का काम किया है। महिलाओं से वह खेती किसानी से लेकर मल्टीपल प्रोडक्ट बनाने तक का काम लें रहीं हैं, जिससे महिलाओं की आर्थिक स्थिति में बड़ा सुधार आया है।

### दिव्यांग ममता बनी महिलाओं के लिए मिसाल



कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंची दिव्यांग ममता चंद्रवंशी जिन्होंने अब तक की 2000 से अधिक महिलाओं को सशक्त बनाया है। वे स्वयं दिव्यांग है, लेकिन इसके बाद भी उन्होंने अपने आप को कभी निराश नहीं होने दिया। महिला सशक्तिकरण के लिए मिसाल बनी और आज 2000 से अधिक महिलाओं के लिए उन्नति के द्वारा उन्होंने खोल दिए हैं।

### मुख्यमंत्री ने भेंट किया ड्रोन आज 800 एकड़ पर करती है आधुनिक खेती



ड्रोन से खेती करने के लिए मशहूर कविता निषाद ने बताया कि मुख्यमंत्री से उपहार स्वरूप ड्रोन मिलने पर उन्होंने इसका इस्तेमाल खेती किसानी में आधुनिक तकनीक के लिए किया और वह 800 एकड़ के रकबे की खेती कर रही हैं, जहां उन्होंने नई तकनीक का इस्तेमाल किया है। महिलाओं को नई तकनीक से अवगत कराते हुए आज वह ड्रोन से ही 800 एकड़ की खेती में दवाई छिड़काव और देखरेख का काम कर रही है, जिससे उन्हें कमाई भी हो रही है और साथ ही उनसे जुड़ी महिलाओं को भी आर्थिक रूप से काफी फायदा हो रहा है।

### चोला माटी के राम...और पंडवानी ने बांधा समां




लोक संस्कृति कला को पूरे देश सहित विदेशों में भी पहचान दिलाने वाली पूनम विराट ने भी आयोजन में शिरकत की, जहां उन्होंने अपना मशहूर गीत चोला माटी के राम...गाकर आयोजन में चार चांद बिखेर दिए। उन्होंने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए महिलाओं से अपने अच्छे बुरे अनुभव साझा किए और बताया कि खराब समय में भी महिलाएं हौसला रखें। उन्होंने कहा कि हर परिस्थिति में महिलाएं अपने लक्ष्य से पीछे ना हटे। लगातार परिश्रम करते रहने पर ही सफलता हासिल होती है। कार्यक्रम में तीजन बाई की शिष्या कविता निषाद ने भी पंडवानी गीत गाकर लोगों का मन मोह लिया।

### सम्मानित हुई प्रतिभाएं





कार्यक्रम में ड्रोन दीदी शांति विश्वकर्मा, ममता चंद्रवंशी और पूर्णिमा साहू, पुन्या सिन्हा, एलिजा, सुनीता पोर्ते, साधना संगीता, लक्ष्मी गंधर्व, तरुण साहू, पूनम विराट, तरुणा सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, कविता निषाद, ममता चंद्रवंशी, डॉ हरप्रीत गरेचा, साधना, संगीता, लक्ष्मी गंधर्व, डॉ. विधि मोदी, श्वेता शर्मा, डॉ. कविता, रचना, सोनल बाजपेयी, एकता अग्रहरि, शालिनी चितलांग्या और इसके साथ ही कई महिला मंडल जागृति महिला मंडल, श्याम सेवा महिला मंडल, ओ कान्हा महिला मंडल, विमलेश वरीय सहायता समूह, कामाख्या देवी स्व सहायता समूह, जय मां कर्मा ग्रुप साहू समाज, प्रतिभा स्वयं सहायता समूह, रीना ठाकुर, सनातन धर्म परिवार, कस्तूरबा महिला मंडल आदि का सम्मान किया गया।कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा अध्यक्ष सुषमा सिंह, महासचिव अर्चना सिंह परिहार, कनकलता सिंह, अनामिका सिंह, रश्मि सिंह, रेखा सिंह, सुनीता सिंह, स्वाति चौहान, नीमा राजावत, सूर्यबाला, सुधा पवार, रेखा सिंह, सौम्या राठौड़, रश्मि भारद्वाज, प्रिया सिंह, संजू सिंह, अंजू सिंह, शीला चौहान, अंचला ठाकुर, स्वाति, छाया ठाकुर, माधुरी ठाकुर, आभा चौहान, रीना सिंह, निशा सेंगर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष डॉ डी सी जैन का सम्मान

**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ वरिष्ठ नागरिक




कान्फ़ेडरेशन के तर्वावधान में आयोजित षष्ठम् प्रादेशिक सम्मेलन में टाउनहॉल बेमेतरा में दिनांक 23/03/2025 को आयोजित राज्यस्तरीय सम्मेलन के सांस्कृतिक मंच से राजनांदगाँव के वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष डॉ डी सी जैन का सम्मान 92 वर्ष की आयु पूरा करने पर प्रांतीयध्यक्ष डॉ चंद्रकांत देवरस द्वारा शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया एवं उन्हें सुखद भविष्य की शुभकामनाएँ दी। राजनांदगाँव के अन्य प्रतिनिधियों में सर्व श्री हरजीत सिंह भाटिया, राकेश इंदुभूषण ठाकुर और शैलेंद्र तिवारी सम्मिलित हुए।

## राज्यसभा में महान वीर राणा सांगा के संबंध में दिए गए अनर्गल बयान पर राकेश ठाकुर अधिवक्ता ने गहरा रोष प्रकट किया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समाजवादी राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा राज्यसभा में महान वीर राणा सांगा के संबंध में दिए गए अनर्गल बयान पर राकेश ठाकुर अधिवक्ता ने गहरा रोष प्रकट करते हुए कड़े शब्दो मे निंदा किए है श्री ठाकुर ने बताया कि राणा सांगा ने अपनी मातृभूमि एवं देश के लिए युद्ध किए एवं भारत की संस्कृति की रक्षा हेतु अपना सब कुछ न्योछावर किए थे उन्होंने विदेशी आक्रांतद्य बाबर को भी युद्ध में हराया था द्य यह ऐतिहासिक सच्चाई है राजपूत समाज ही नहीं वरन संपूर्ण भारत वासी को उन पर गर्व है रामजी लाल सुमन द्वारा दिया गया बयान न की सिर्फराजस्थान की जनता का बल्कि सम्पूर्ण राजपूत समाज का अपमान है श्री ठाकुर ने राज्यसभा सभापति से उक्त सांसद के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की है अन्यथा समाज द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

## स्वच्छता त्यौहार का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत जिले के सभी ग्राम पंचायतों में शनिवार को स्वच्छता त्यौहार



का आयोजन किया गया। स्वच्छता त्यौहार के दौरान ग्रामों में साफ-सफाई की गई। ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई और स्वच्छता प्रदर्शनी का आयोजन किया भी किया गया। ग्रामीणों ने स्वच्छता बनाए रखने और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का संकल्प लिया। स्वच्छता त्यौहार में जनप्रतिनिधियों, बच्चों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके अलावा स्कूलों में स्वच्छता विषय पर निबंध, लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता तथा स्वच्छ ग्राम पुरस्कार वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छताग्राही, पंचायत प्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों को सम्मानित किया गया।

# मध्यभारत की पहली मस्जिद : अल अज़ीज़ मस्जिद जहां सात सौ से अधिक रोजेदार एक साथ करते हैं इफ्तार



### पहली मस्जिद जहां महिलाओं के लिए नमाज की व्यवस्था

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मध्य भारत की सबसे खूबसूरत मस्ज़िदों में से एक अल अज़ीज़ मस्जिद में रमज़ान के पाक और मुकद्दस महीने में तरावीह की विशेष नमाज अदा करने सैकड़ो मुस्लिम भाई शामिल हो रहे है। यहां देश की अग्रणी उद्योग समूह आईबी ग्रुप द्वारा रोजा इफ्तार को लेकर खास इंतजाम किया जा रहा है। यहां रोजाना तकरीबन 700 से अधिक रोज़ेदार एक साथ अपना रोज़ा खोल ने पहुंच रहे हैं। इस दौरान रोजा इफ्तार के लिए विशेष व्यवस्था के तहत शाम को खजूर, फल, शरबत, पकौड़े सहित अन्य पारंपरिक जायकेदार पकवान बनाये जा रहे हैं। अल अज़ीज़ मस्जिद में रोजा इफ्तार केवल भोजन वितरण का कार्य नहीं है, बल्कि यह भाईचारे और एकता का संदेश भी देता है। इस आयोजन में न केवल स्थानीय लोग बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी लगभग 700 से अधिक रोज़ेदार शामिल होते हैं।

**रमजान का आध्यात्मिक महत्व**

रमजान इस्लाम धर्म में आत्मसंयम, दान और इबादत का महीना है। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग सूर्योदय से सूर्यास्त तक रोज़ा रखते हैं और शाम को इफ्तार के समय अपना उपवास खोलते हैं। अल अज़ीज़ मस्जिद में आयोजित यह सामूहिक इफ्तार न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी एक अनुकरणीय प्रयास है।

**मस्जिद के दीदार के लिए आते है लोग**

इंदामरा में स्थित अलअजीज मस्जिद की खूबसूरती देखते बनती है। इस मस्जिद के दीदार के लिए न केवल राजनांदगांव बल्कि दुर्ग, भिलाई, रायपुर सहित आसपास के अन्य जिलों से भी मुस्लिम समाज के लोग आते है। अपनी आकर्षक बनावट के चलते यह मस्जिद देशभर में मशहूर होती जा रही है।

**महिलाओं के लिए इंतजाम**

एबीस ग्रुप में बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाएं भी कार्यरत है। वहीं मस्जिद का दीदार करने भी बड़ी संख्या में राजनांदगांव शहर सहित आसपास के जिलों से महिलाएं पहुंचती है । इस मस्जिद में पहुंचने वाला हर कोई यहां नमाज अदा करना चाहता है। जिसे देखते हुए आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली की मंशानुरू मस्जिद में महिलाओं के लिए अलग से नमाज पढ़ने की व्यवस्था है। इस वजह से यह मस्जिद महिलाओं के लिए भी काफी अहम है।

**महिलाओं के लिए अलग वज़ूखाना**

मस्जिदों में महिलाएं नमाज अदा करने नहीं जाती है। महिलाएं घर पर ही नमाज पढ़कर अल्लाह की इबादत करती है। लेकिन अल अजीज मस्जिद में खासकर महिलाओं के लिए नमाज पढ़ने अलग व्यवस्था ही कर दी गई है । इस मस्जिद में पुरुषों के लिए अलग और महिलाओं के लिए अलग नमाज पढ़ने का स्थान बना हुआ है। नमाज से पहले वज़ू करने के लिए भी महिलाओं की सहूलियत को देखते हुए सिर्फ महिलाओं के लिए ही अलग वज़ू खाना बना दिया गया है। इस तरह से यहां महिलाओं के पर्दे का एहतराम करते हुए काफी अच्छी व्यवस्था की गई है । जिसे मुस्लिम समाज की महिलाओं की सराहना मिल रही है।



**धार्मिक पर्यटन स्थल**

अल अज़ीज़ मस्जिद में आकर इबादत करने के साथ ही यह मस्जिद धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित हो गई है । इस मस्जिद की तस्वीर देखने से ही लोग इस मस्जिद में आना चाहते हैं और जो एक बार यहां पहुंचता है, वह दोबारा जरूर आता है । अल अज़ीज़ मस्जिद में आने वाले मुस्लिम समाज के पुरुष और महिला मस्जिद का दीदार करने के साथ ही यहां की खूबसूरती को घंटों निहारते रहते हैं ।

**रमजान पर रोजा इफ्तार**

मस्जिद अल अजीज में हर साल रमजान के महीने में तकीबन 15 हजार से अधिक लोग यहां रोजा इफ्तारी करने आते है और मगरीब की नमाज अदा करने के बाद अल्लाह का शुक्र अदा करते है।

**तीन एकड़ में निर्मित**

इंदामरा में आईबी ग्रुप द्वारा बनाई गई यह खूबसूरत मस्जिद 3 एकड़ के क्षेत्रफल में निर्मित है।

अल अज़ीज़ मस्जिद की बनावट और सुविधाओं के चर्चे पूरे देश में है। मस्जिद की खूबसूरत नक्काशी देखने वालों को काफी आकर्षित करती है ।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 10 मार्च से 2 अप्रैल 2025 तक प्रातः 11:30 से 4 बजे तक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह दिसम्बर 2024 एवं जनवरी 2025 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 10 मार्च से 2 अप्रैल 2025 तक प्रात: 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 26 मार्च को गुरूघासीदास वार्ड नं. 40 व नंदई वार्ड नं. 48 के लिये सामुदायिक भवन नंदई नाका में एवं झुलेलाल वार्ड नं. 41 के लिये सामुदायिक भवन झुलेलाल इंदिरा नगर में, 27 मार्च को महावीर वार्ड नं. 37 के लिये गंजपारा स्कूल में, दिग्विजय वार्ड नं. 38 के लिये पार्षद कार्यालय ब्राम्हण पारा में व हीरामोती वार्ड नं. 39 के लिये सार्वजनिक भवन नागेश्वर मंदिर में तथा 28 मार्च को रविदास वार्ड नं. 20 के लये पेन्ड्री स्कूल में व रेवाडीह आशा नगर वार्ड नं. 21 के लिये रेवाडीह स्कूल में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रात: 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह दिसम्बर 2024 व जनवरी 2025 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

**शुभांक**

**1-4-9**

**111-3 139-3**

**भाग्यांक**

**140- 5 188-7**

# हत्या के आरोपी को मिला आजीवन कारावास की सजा

## अकेली वृध्दा महिला पर ब्लेड से वार कर किया था हत्या

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** थाना डोंगरगांव मामले का 30.09.2022 को प्रार्थिया चमारिन बाई पति वेदराम मंडावी, उम्र 45 साल, निवासी कोकपुर, थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ0ग0) की रिपोर्ट पर मर्ग क्रमांक 75/2022 धारा 175 जाफी0 कायम किया गया। मर्ग सदर के जांचक्रम में मृतिका कुंवर बाई पति स्व0 सावतराम बंजारे, उम्र 70 साल, निवासी कोकपुर, थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (80ग0) की शव प्लास्टिक के ड्रम के उपर खून से लतपथ पड़े होना से अज्ञात आरोपी द्वारा धारदार हथियार से मृतिका के गले व पेट में संघातिक चोट पहुंचाकर हत्या करना पाये जाने से अपराध क्रमांक 416/2022 धारा 302, 450, 407 भादवि0 का अपराध घटित करना पाये जाने से अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले के गंभीरता को देखते हुऐ निरीक्षक श्री भरत बरेठ के हमराह स्टाप एवं




वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. मोहन पटेल के द्वारा घटना स्थल से मिले साक्ष्य के आधार पर संदेही रोशन उईके निवासी कोकपुर से पुछताछ करने पर बताया की, मृतिका कुंवर बाई द्वारा तीन माह पूर्व उसके घर में हुऐ चोरी को लेकर शंका करती थी और बार-बार गाली गलौच करती थी। घटना दिनांक 27.09.22 के रात्रि मृतिका के घर जाकर मुझे चोर कहकर मोहल्ले मे बदनाम करती हो कहने पर महिला द्वारा फिर से गाली गलौच करने और चोर-चोर कहके चिल्लाने के कारण संदेही द्वारा बुजुर्ग महिला कुंवर बाई के मुंह को दबाकर पलंग में गिरकर दिवाल आल्मीरा में रखे रेजर ब्लेड से महिला के पेट एवं गर्दन में ताबड़तोड हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया एवं दुसरे कमरे मे ले जाकर प्लास्टिक के ड्रम के उपर बैठाकर उसके मुंह को दबाये रखा जिससे कुछ देर में महिला की मृत्यु होना बताये व मृतिका के गले मे पहने माला जिसमें सोने की एक पत्ती लगी हुई, चांदी की ऐठी व मोबाइल को लेकर अपने घर के बाड़ी में छुपा कर रखना बताये जिसे आरोपी द्वारा पुलिस को गवाहो के समक्ष बरामद करवाया गया है।

बरामद कराकर वैज्ञानिक परीक्षण करायी गई आरोपी रोशन उइके, निवासी ग्राम कोकपुर, को विधिवत गिरफ?तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबुत मिलने से माननीय न्यायालय में अभियोग पत्र पेश किया गया। प्रकरण में माननीय न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायधीश राजनांदगांव के द्वारा आरोपी को अजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। उक्त प्रकरण में निरीक्षक भरत बरेठ वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. मोहन पटेल एवं उप निरीक्षक प्रदीप कंवर, सउनि0 विजय साहू, म0प्र0आर0 माया सिंह गौर, आरक्षक योगेश साहू, टिकाराम ध्रुव, कौशल सुधाकर, चोवा यादव, सत्येन्द्र कुमार, म0प्र0आर0 रीतु रात्रे, खेमीन कोरे का सराहनीय योगदान रहा।

**न्यायालय तहसीलदार खैरागढ़ जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

-:: ईश्तहार::-

प्र.प्र.फ 202503200200001 अ/19 (3) वर्ष 2024-2025

एतद् द्वारा ग्राम पिपरिया प.ह.न. 32 तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के द्वारा मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई का पत्र क./1197/भवन-विकास-/2023 खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई दिनांक 22.09.2023 अनुसार जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में नवीन जिला चिकित्साल्य भवन निर्माण हेतु ग्राम पिपरिया प.ह.न. 32 स्थित शासकीय भूमि ख.न. 1461, 1464, 1465, 1466, 1467, 1469/1 कुल रकबा 1.656, 3.812, 0.324, 0.405, 0.862, 0.599 हे. में से रकबा 0.110, 2.812, 0.324, 0.150, 0.200, 0.070 हे. भूमि को आबंटन किये जाने प्रकरण जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु अनुविभागीय अधिकारी महो. (रा.) खैरागढ़ से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ हैं।

अतएव ग्राम पिपरिया प.ह.न. 32 स्थित शासकीय भूमि ख.न. 1461, 1464, 1465, 1466, 1467, 1469/1 कुल रकबा 1.656, 3.812, 0.324, 0.405, 0.862, 0.599 हे. में से रकबा 0.110, 2.812, 0.324, 0.150, 0.200, 0.070 हे. भूमि को जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में नवीन जिला चिकित्साल्य भवन निर्माण हेतु आबंटन किये जाने जिस किसी को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे पेशी दिनांक 27/03/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत कालावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 12/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक - 12/03/2025**

**सुनवाई दिनांक - 27/03/2025**

सील

**तहसीलदार खैरागढ़**

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ0ग0)**

राजस्व मामला क्रमांक 202503093700032

अ-6 वर्ष 2024-25

:: ईश्तहार ::

एत्तद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवदास वाडदे आ. स्व. मनीराम वाडदे, निवासी-जलधारा, बसंतपुर, वार्ड नं. 38, राजनांदगाँव तहसील व जिला-राजनांदगांव के द्वारा शहर राजनांदगाँव मोहल्ला बसंतपुर स्थित शीट क्रमांक 27 ए, भूखण्ड क्रमांक 68, क्षेत्रफल 121.00 वर्गमीटर जो धारकगण देवदास, नामदेव, रिखीराम, श्रीमती बिसन्तिन बाई, मीनाबाई, चंदाबाई, रेखाबाई, श्यामबाई सभी आ. मनीराम वाडदे, निवासी-बसंतपुर, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत दस्तबरदारनामा के आधार पर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/ संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 07.04.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी नजूल जांच राजनांदगांव**

## ज्ञान मंथन

*1) किस राज्य में नलकूपों द्वारा सिंचित भूमि क्षेत्र सबसे अधिक है?*

*2) स्टीडफास्ट नून शब्द किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन से संबंधित है?*

*3) भारत की मुख्य भूमि को रामेश्वरम द्वीप से कौन अलग करता है?*

*4) इण्डिया नाम किस नदी से आया है?*

*5) वाट फू एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल किस देश में स्थित है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) उत्तरप्रदेश (2) नाटो (3) पम्बन चैनल (4) सिंधु नदी (5) लाओस

# उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत परीक्षा महाभियान का हुआ आयोजन

## परीक्षार्थी उत्साह के साथ परीक्षा में हुए शामिल



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा राष्ट्र विद्यालयी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली के पहल से राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा व उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत परीक्षा महाभियान का आयोजन किया गया। परीक्षार्थियों में परीक्षा के लिए भरपूर उत्साह देखने को मिला। परीक्षार्थियों ने अपने सभी महत्वपूर्ण कार्यों को शीघ्र निपटाकर परीक्षा केन्द्र पहुंचकर परीक्षा महाभियान में शामिल हुए। परीक्षा केन्द्र में केन्द्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक द्वारा परीक्षार्थियों का स्वागत किया गया। स्वयं सेवी शिक्षकों ने परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक लाने में सहयोग किया।

जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्रीमती रश्मि सिंह ने बताया कि अनंतिम आकड़ों के अनुसार परीक्षा महाभियान में लगभग 28100 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा महाभियान के आयोजन के लिए राजनांदगांव विकासखंड में 195, डोंगरगढ़ विकासखंड में 220, डोंगरगांव विकासखंड में 115 एवं छुरिया विकासखंड में 232 परीक्षा केन्द्र बनाएं गए थे। चयनित ग्रामों के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं को परीक्षा केन्द्र के रूप में चिन्हित किया गया था, जहां



परीक्षार्थियों ने अपनी सुविधाओं के अनुसार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक परीक्षा केन्द्रों में पहुंचकर परीक्षा दी। परीक्षा के संचालन के लिए परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा केन्द्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक एवं मूल्यांकनकर्ता की ड्यूटी लगाई गई थी तथा परीक्षा के संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई थी। परीक्षा महाभियान की मानिटरिंग के लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर प्रभारी एवं सहायक अधिकारी को दायित्व दिया गया था। जिला स्तर से जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल, सहायक संचालक शिक्षा श्री आदित्य खरे, जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्रीमती रश्मि सिंह, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा श्री सतीश ब्यौहरे, सहायक जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा श्री पीआर झाड़े, सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा श्रीमती प्रणिता शर्मा, श्री मनोज मरकाम, श्री केपी विश्वकर्मा द्वारा परीक्षा केन्द्रों की मानिटरिंग की गई। विकासखंड स्तर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, सहायक नोडल साक्षरता कार्यक्रम एवं संकुल समन्वयक द्वारा परीक्षा केन्द्रों की मॉनिटरिंग की गई।

## निगम आयुक्त आज स्टेशनपारा, पुराना बस स्टैण्ड एवं गंज चौक मे सफाई देखे

**दुकानदारो को डस्टबिन रखने दिये समझाईस**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वास्थ्य सेवाओ में गुणात्मक सुधार लाने नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा वार्डो में जाकर सफाई कर्मियों को दिशा निर्देश दे रहे हैं। उन्होंने आज सुबह स्टेशन पारा, पुराना बस स्टैण्ड एवं गंज चौक में साफ सफाई का निरीक्षण कर हाजरी रजिस्टर की जॉच किये और झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने, डस्टबिन रखने समझाईस देने और मलमा मण्डप के तहत कार्यवाही करने स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा हो निर्देशित किये ।स्टेशन पारा क्षेत्र में साफसफाई देख आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सभी सफाई कर्मी निर्धारित समय तक सफाई कार्य करेगे, झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने डस्टबिन का उपयोग करने समझाईस देगे। उन्होंने स्वच्छता दीदीयो से चर्चा कर कहा कि गिला एवं सुखा कचरा अलग अलग रखे, घर वालो को भी अलग अलग कचरा देने समझाईस देवे। उन्होंने ओव्हर ब्रिज के नीचे टैंट का समान रखे देख हटाने समझाईस देने कहा। इसी प्रकार रोड में ईट रखने पर संबंधित को हटाने कहे, नही हटाने पर जुर्माना लगावे। इसके अलावा स्टेशन रोड के बंद बोरिंग को चालू कराने के निर्देश दिये। पुराना बस स्टैण्ड में साफसफाई देख वार्ड प्रभारी से आयुक्त ने कहा कि जनता के आवागमन का स्थल है, इसलिये यहा प्रतिदिन समुचित साफसफाई होनी चाहिये।

# बसंत निषाद समाज अर्जुनी के क्षेत्रीय अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** निषाद समाज अर्जुनी परिक्षेत्र संगठन पदाधिकारियों का निर्वाचन श्रीराम मंदिर अर्जुनी में जिला पर्यवेक्षक जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद के निर्देशन में निर्वाचन अधिकारी चैन कुमार सोनवानी, सहायक निर्वाचन अधिकारी टीकम निषाद, जिला उपाध्यक्ष लोकेश निषाद, जिला संगठन सचिव मौजी राम निषाद, क्षेत्रीय अध्यक्ष गौतरिया निषाद, क्षेत्रीय अध्यक्ष कृपा राम निषाद की उपस्थिति में हुआ ।

**नवनिर्वाचित क्षेत्रीय पदाधिकारियों को दिलाई शपथ**

निर्वाचन अधिकारी चैन कुमार सोनवानी ने बताया कि सर्वसम्मति से अर्जुनी क्षेत्रीय अध्यक्ष पद पर पूर्व जिला महासचिव बसंत निषाद रीवागहन, उपाध्यक्ष मंथीर निषाद कविराज टोलागांव व नीलम ?निषाद मेढ़ा, महासचिव अमृतराम निषाद कविराज टोलागांव, कोषाध्यक्ष धनेश निषाद अर्जुनी, सहसचिव मुकेश निषाद सिंगारपुर, संगठन सचिव अश्वनी कुमार सर्पा पैरी, अंकेक्षक बलराम निषाद सोनेसरार, प्रचार सचिव धनंजय निषाद मेढ़ा, कार्यालय सचिव पारस राम निषाद अर्जुनी नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए । नवनिर्वाचित क्षेत्रीय अध्यक्ष बसंत निषाद सहित सभी पदाधिकारियों को प्रदेश सचिव गिरधर लाल निषाद व क्षेत्रीय अध्यक्ष छगन लाल निषाद ने शपथ दिलाई व सभी नवनिर्वाचित क्षेत्रीय पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी । जिला व क्षेत्रीय पदाधिकारियों तथा निर्वाचन अधिकारियों ने अर्जुनी परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं प्रेषित कर अर्जुनी क्षेत्र के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी से तन मन एवं धन से समाज को सही दिशा निर्देश करते हुए आगे बढ़ाने की अपेक्षा की द्य इस अवसर पर अर्जुनी परिक्षेत्र के सभी सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

## छत्तीसगढ़ स्टेट यूथ स्टेट लेवल प्रतियोगिता में प्रवीण साहू ने गोल्ड मेडल एवं विक्रम वर्मा ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ स्टेयर स्टेट यूथ खेल 22.मार्च एवं 23.मार्च को आयोजित खेल में स्किल एकेडमी डोंगरगांव के कराते के मास्टर ट्रेनर डाकेश्वर वर्मा प्रशिक्षक दुलेश्वर देवांगन के द्वारा नेतृत्व में छत्तीसगढ़ स्टेट यूथ स्टेट लेवल प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा कराने के लिए ले गए विद्यार्थी द्वारा प्राप्त पदक



पलक साहू - ब्राउन मेडल, चेतन आनंद साहू- गोल्ड मेडल, हर्षसुखमन सिंह-ब्राउन मेडल, रोशनी ठाकुर-ब्राउन मेडल, टेकराज साहू - सिल्वर मेडल, विक्रम वर्मा-गोल्ड मेडल, प्रवीण साहू- गोल्ड मेडल ये सभी कराते के विद्यार्थी द्वारा प्रथम प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन रहा भव्य साथ ही साथ एडवांस योग के खिलाड़ियों द्वारा योग का प्रस्तुति करते हुए प्रवीण साहू ने गोल्ड मेडल एवं विक्रम वर्मा ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाड़ी का पुराना बस स्टैंड में धूमालबजाकर हार फूल मालाओं से स्वागत किया गया स्वागत करते समय नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी भाजपा मंडल अध्यक्ष दिना पटेल महेश्वर साहू डीकेश साहू मनीष डोमने सहित विजेताओं के पालकों की उपस्थिति थी।

**इस दौर में**

**मिल कर रह पाना भी दूभर है,**
**इस दौर में साथ चलना दूभर है।**

**चाँद सितारों की सैर करने पर,**
**अपने को सम्हाल पाना दूभर है।**

**किसी का हाथ थाम लेना,**
**हाथ थामे रखना दूभर है।**

**जिंदगी की आपा धापी में,**
**सुकून से जी पाना दूभर है।**

**गजेंद्र बख्शी**
**रिद्धि सिद्धि कालोनी फेस 3**
**राजनांदगाँव**

# होली मिलन के अवसर पर शिवनाथ की साहित्यिक गोष्ठी मटिया में

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगांव का होली मिलन एवं साहित्यिक गोष्ठी का कार्यक्रम महेंद्र बघेल के संयोजन में 22 मार्च को माँ कर्मा सदन मटिया डोंगरगांव में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित साहित्यकारों ने रंग-गुलाल लगाकार एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएँ दी। तत्पश्चात साहित्य अकादमी पुरस्कार से विभूषित डॉ विनोद शंकर शुक्ल को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिलने पर समवेत स्वर में उन्हें बधाई प्रेषित किया गया। गोष्ठी के प्रथम सत्र में संस्था के अध्यक्ष महेंद्र कुमार बघेल की रचना उत्तर आधुनिक हवाएं पर समीक्षात्मक चर्चा हुई इस क्रम में उन्होंने अपनी रचना उत्तर आधुनिक हवाएं का पठन कार्य किया। ओमप्रकाश साहू अंकुर अध्यक्ष साकेत साहित्य परिषद सुरगी, समीक्षक जितेंद्र कुमार पटेल विद्रोही गोटाटोला, गोवर्धन सिंह परतेती गंभीर, सुषमा शुक्ला , इंदू साहू ,सुरेंद्र साहू सदन प्रभारी,यशवंत मंडावी,पवन यादव पहुना,



अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा, वीरेंद्र कुमार तिवारी वीरू ,राजेंद्र सिंह ठाकुर एवं हिपेंद्र साहू के द्वारा समीक्षात्मक चर्चा की गई। द्वितीय सत्र में उक्त साहित्यकारों के अतिरिक्त इकबाल खान तन्हा अध्यक्ष वनांचल साहित्य समिति मोहला , मनीष साहू मन, अनिल कसेर उजाला, नंद कुमार साहू नादान, बलराम सिन्हा रब, आनंद कुमार सार्वा, कन्हैया लाल मेश्राम और चंद्रशेखर उइके ने काव्य पाठ कर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का सरस संचालन वीरेंद्र कुमार तिवारी ने किया ।पूरे कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के आसंदी पर भूपेंद्र साहू ( सरपंच ग्राम सुंदरा) , संरक्षक अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा (कार्यक्रम अध्यक्ष ),विशेष अतिथि इंदू साहू, सुरेंद्र साहू, खेलन सार्वा और राजेंद्र सिंह ठाकुर उपस्थित थे इसके साथ श्रोता दीर्घा में उत्पल दत्त साहू मनोज पांडे, विश्वनाथ तिवारी दोनों बिलासपुर तथा प्राथमिक शाला मटिया में अध्ययनरत तीन-चार नन्ही बेटियों की उपस्थिति बनी रही।-

## *धर्म समाचार....*

# श्रीकृष्ण की सीख- बड़ों का आशीर्वाद लेकर काम शुरू करें

महाभारत युद्ध शुरू होने से ठीक पहले युधिष्ठिर कौरव सेना की ओर जाने लगे तो सभी पांडव डर गए थे महाभारत युद्ध शुरू होने वाला था। कौरव और पांडवों की सेनाएं आमने-सामने खड़ी थीं। युद्ध शुरू होने से ठीक पहले पांडवों के बड़े भाई युधिष्ठिर ने अपने अस्त्र-शस्त्र रथ पर रख दिए। युधिष्ठिर अपने रथ से नीचे उतरे और पैदल ही कौरव सेना की ओर चल दिए।

युधिष्ठिर को कौरव पक्ष की ओर जाते देखकर भीम और अर्जुन ने पूछा कि भैया आप कहां जा रहे हैं?

युधिष्ठिर ने भीम-अर्जुन की बात सुनी, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया। सभी पांडव डर गए और सभी को ऐसा लगने लगा कि कहीं युधिष्ठिर कौरवों के सामने समर्पण न कर दें। भीम-अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि आप भैया को रोकिए, कहीं भैया युद्ध से पहले ही आत्म समर्पण न कर दें।

कौरव सेना के लोग भी आपस में बात करने लगे कि धिक्कार है युधिष्ठिर पर, अभी तो युद्ध शुरू भी नहीं हुआ और ये समर्पण करने आ रहे हैं। कोई



समझ नहीं पा रहा था कि युधिष्ठिर आखिर क्या करने वाले हैं? श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि मैं जानता हूं, भैया क्या करने जा रहे हैं, आप सभी कुछ देर धैर्य रखें, विचलित न हों।युधिष्ठिर कौरव पक्ष में भीष्म पितामह के सामने पहुंच गए और हाथ जोड़कर खड़े हो गए। दूर से देखने पर सभी को ऐसा लग रहा था कि युधिष्ठिर ने भीष्म पितामह के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। युद्ध से पहले ही पराजय स्वीकार कर ली है, लेकिन सच्चाई ये नहीं थी। दरअसल युधिष्ठिर ने हाथ जोड़कर भीष्म से कहा था कि पितामह आज्ञा दीजिए ताकि हम आपके विरुद्ध युद्ध कर सके। भीष्म पितामह युधिष्ठिर की इस बात से बहुत प्रसन्न हुए। भीष्म ने प्रसन्न होकर कहा कि अगर तुमने आज्ञा नहीं मांगी होती तो मैं क्रोधित हो जाता, लेकिन तुम आज्ञा मांग रहे हो, इससे मैं बहुत खुश हूं। मैं तुम्हें विजयश्री का आशीर्वाद देता हूं। दूसरी ओर श्रीकृष्ण ने पांडवों को समझाया कि शास्त्रों में लिखा है- जब भी कोई बड़ा काम करो तो सबसे पहले घर के बड़ों का आशीर्वाद और अनुमति लेनी चाहिए। तभी विजय मिलती है। युधिष्ठिर यही काम करने गए हैं।

भीष्म के बाद युधिष्ठिर द्रोणाचार्य के पास पहुंचे और उन्हें प्रणाम करके युद्ध करने की अनुमित मांगी। द्रोणाचार्य ने कहा कि मैं बहुत प्रसन्न हूं और मैं तुम्हें आशीर्वाद देता हूं कि तुम्हारी विजय हो।

**प्रसंग की सीख**- इस किस्से से हमें दो सीख मिलती है। पहली, ये कि हम जब भी कोई बड़ा काम शुरू करें तो सबसे पहले घर के बड़ों का आशीर्वाद लेना चाहिए। दूसरी सीख ये है कि कभी भी जो दिखाई दे रहा है, उसे सच न मानें। जब तक पूरी बात नहीं मालूम होती है, तब तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंचना चाहिए।

## अप्रैल महीने में कब है विनायक चतुर्थी? नोट करें शुभ मुहूर्त एवं योग

ज्योतिष कुंडली में बुध ग्रह मजबूत करने के लिए भगवान गणेश की पूजा करने की सलाह देते हैं। कुंडली में बुध ग्रह मजबूत होने से जातक को कारोबार में मनमुताबिक सफलता मिलती है। साथ ही जातक को शुभ कामों में सफलता मिलती है। हर माह शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर भगवान गणेश की विशेष पूजा की जाती है। सनातन धर्म में शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि भगवान गणेश को समर्पित है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा की जाती है। साथ ही चतुर्थी का व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। साथ ही करियर और कारोबार में मनमुताबिक सफलता मिलती है। साधक श्रद्धा भाव से शुक्ल पक्ष की चतुर्थी के दिन भगवान गणेश की पूजा करते हैं। साथ ही मनोवांछित फल पाने के लिए व्रत रखते हैं। भगवान गणेश की पूजा करने से ग्रहों के राजकुमार बुध देव प्रसन्न होते हैं। आइए, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की विनायक चतुर्थी की सही डेट एवं शुभ मुहूर्त जानते हैं।



विनायक चतुर्थी शुभ मुहूर्त - वैदिक पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि 01 अप्रैल (अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार) को सुबह 05 बजकर 42 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, चतुर्थी तिथि का समापन 02 अप्रैल को देर रात 02 बजकर 32 मिनट पर होगा। इस दिन चन्द्रास्त रात 10 बजकर 14 मिनट पर होगा। साधक 01 अप्रैल को विनायक चतुर्थी व्रत रख सकते हैं।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बेडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बेडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...







स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# वृंदावन का प्रेम मंदिर व कीर्ति मंदिर सनातन धर्म की पताका : धामेश्वरी देवी

## परम पूज्य कृपालु जी महाराज की प्रमुख शिष्या सुश्री धामेश्वरी देवी की संस्कारधानी में पत्रकार वार्ता

**राजनांदगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के स्टेट स्कूल में विश्व प्रसिद्ध संत कृपालु जी महाराज (वृंदावन) की की प्रमुख प्राचारिका शिष्या सुश्री धामेश्वरी देवी का प्रवचन का कार्यक्रम आयोजित है किस सिलसिले में उन्होंने पत्रकार वार्ता लेते हुए परम पूज्य कृपालु जी महाराज की महिमा बताई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्व में शायद ही ऐसा कोई शायद ही ऐसा कोई व्यक्ति होगा जो पूज्य महाराज जी को नहीं जानता हो उन्होंने कहा कि वृंदावन धाम का प्रेम मंदिर बरसाना का कीर्ति मंदिर सनातन धर्म की पताका है।

आज के भौतिक जीवन की उधेड़ बुन में व्यक्ति अपने जीवन का लक्ष्य भूलता जा रहा है। ऐसी परिस्थिति में ईश्वर हम जीवों के उद्धार हेतु अपने संतों को इस धरा धाम पर भेजते हैं। वे संत ही कृपा द्वारा हम भटकते हुए जीवो का पथ प्रदर्शन करते हैं। हमें सही रास्ता दिखाते हैं। ऐसे ही विश्व विख्यात संत हैं जगद् ?गुरूत्तम श्री कृपालु जी महाराज। आज विश्व में शायद ही कोई व्यक्ति हो जो श्री महाराज जी को न जानता हो। श्री गहाराज जी द्वारा वृंदावन धाम में स्थापित दिव्य प्रेम मंदिर हमारे सनातन धर्म की पताका है। जगद् ?गुरु श्री कृपालु जी महाराज की दिव्धता उनके बाल्यकाल से ही प्रकट हो चुकी थी। बचपन से ही विशिष्ट मेधावी छात्र के रूप में प्रख्यात रहे 16 वर्ष की अल्पायु में चित्रकूट के शरभंग आश्रम के समीपस्थ बीहड़ वनों में वास किया। श्री कृष्ण प्रेम में विभोर भावस्था का गोपन करके श्री कृष्ण भक्ति का प्रचार करने लगे। प्रेम के साथ-साथ ज्ञान भी प्रकटीकरण होने लगा। इनके ज्ञान की ख्याति काशी विद्वत् परिषत् के विद्वानों ने नतमस्तक होकर, श्री महाराज जी को जगद् ? ?गुरु ही नहीं अपितु जगद्गुरूत्तम की उपाधि से सम्मानित किया।

भारत की अमूल्य निधि वेद, शास्त्रों के ज्ञान को सरलतम रूप में जनसाधारण के समक्ष



प्रस्तुत करने जैसे अद्वितीय कार्य के साथ भक्ति प्रेम रस की धारा प्रवाहित करने वाले वृन्दाकधाम के दिव्य प्रेममंदिर, बरसाना धाम के कीर्ति मंदिर, श्रीकृपालुधाम मनगढ़ के दिव्य भक्ति मंदिर के अनुपमेय उपहार देने के साथ इन तीनों स्थानों पर पूर्णत नि:शुल्क चिकित्सालय निस्हाय विधवाओं, साधुओं एवं सामान्य जनों के लिए स्थापित, उनकी करुणा के प्रतीक ही ऐसे महानतम् गुरु की प्रमुख प्रचारिका सुभी शुभागमन राजनांदगाँव में सनातन धर्म के धामेश्वरी देवी ने बचपन से ही कृष्ण भक्ति में धामेश्वरी देवी जी का प्रचारार्थ हो रहा है। प्रवृत्त दीदी जी ने 16 वर्ष की अल्पायु में गुरु चरणों में समर्पित होकर अपना सम्पूर्ण जीवन गुरुआज्ञा पालन से सनातन धर्म के प्रचार के लिए समर्पित कर दिया है। प्रत्येक सनातनी के किए सनातन धर्म के सिद्धान्तों को जानना अत्यन्त आवश्यक है इसलिए देवी जी शहरवासियों के लिए अत्यंत सौभग्य का अवसर है। का आगमन गुरुआज्ञा से उडीसा के कटक शहर की उत्कल यूनिवर्सिटी से संस्कृत में एमए की डिग्री प्राप्तकर गुरु द्वारा प्राप्त अलौकिक तत्व ज्ञान का प्रचार प्रसार आरंभ किया। मध्यप्रदेश उत्तरप्रदेश छत्तीसगढ के विभिन्न शहरों इंदौर, भोपाल, जबलपुर, सागर, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, जावरा, भिलाई ग्वालियर दमोह, खरगौन, आदि शहरों में उनके प्रवचनों एवं साधना के कार्यक्रमो से लोग अध्यात्मिक क्षेत्र में प्रगति कर रहे है।

आज भौतिक जीवन में अनियंत्रित कामनाओं की पूर्ति की उधेड़बुन में हमारा युवावर्ग तनाव से ग्रसित हो जीवन का वास्तविक लक्ष्य से दूर, मानसिक झंझावात से गुजर रहा है। आध्यात्मिक ज्ञान के अभाव में जीवन में वास्तविक आनंद व स्वस्थ प्रतिस्पर्धा समाप्तप्राय हो गयी है। ऐसी स्थितियों पर विजय पाने के लिए युवाओ को सनातन ज्ञान की अत्यंत आवश्यकता है अत: ऐसे कार्यक्रम में उनका आना उनके जीवन में परिवर्तन ला सकता है। संसार में दृढता एवं स्थिरता से आगे बढ़ने और साथ-साथ आध्यात्मिक कल्याण हेतु ज्ञान प्राप्त करने का यह प्रवचन कार्यक्रम स्वर्णिम अवसर युवाओं को प्रदान कर रहा है। अतएव ऐसे विलक्षण एवं दुर्लभ अवसर का लाभ सभी युवाओं को लेना चाहिये। पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से दिनेश बाजपेई, अभिमन्यु मिश्रा, उषा देवी जी, श्यामलाल हिरवानी, देवेंद्र, ओंकार दीक्षित आदि उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय कर्मा जयंती एवं सम्मान समारोह आज - भागवत साहू

**शहर में निकलेगी भव्य शोभायात्रा- नीलमणी साहू**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत



साहू ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि प्रदेश साहू संघ के आह्वान पर जिला साहू संघ के द्वारा जिला स्तरीय कर्मा जयंती एवं सम्मान समारोह आज 25 मार्च 2025 दिन मंगलवार को जिला साहू संघ में धूमधाम से मनाई जाएगी। श्री साहू ने आगे कहा कि जिला साहू संघ में सर्वप्रथम प्रात: 08 बजे माँ कर्मा मंदिर में आरती पश्चात् मां कर्मा झाँकी के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा, प्रात: 11 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, दोपहर एक बजे माँ कर्मा की सामूहिक पूजा एवं ध्वजारोहण, 1.30 बजे समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह, दो बजे आमंत्रित अतिथियों स्वागत एवं संबोधन, तीन बजे खिचड़ी प्रसादी (भोजन) आदि होंगे। उन्होंने जिला साहू संघ के समस्त पदाधिकारी अध्यक्ष सचिव तहसील साहू संघ परिक्षेत्र साहू संघ को बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की हैं। उक्त जानकारी जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू ने दी है।

## मटिया में घेराबंदी कर अवैध शराब बिक्री पर पुलिस ने किया कार्यवाही

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 23-मार्च रविवार को थाना प्रभारी



,निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ , शराब , चोरी के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते एक अभियान के तहत अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही करते हुए आरोपी द्वारा अपराध धारा- 34(1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत अपराध घटित करने से आरोपी देवेंन्द्र कुमार निषाद पिता चेतनलाल निषाद ,खुज्जी , के पास एक प्ला)स्टिक के सफेद रंग की बोरी मे 24 पौवा देशी प्लेषन शराब शोले ब्रांड , जप्त किया गया है आरोपी को गिर0 की कार्यवाही कर अप0 पंजी0 कर विवेचना मे लिया गया है ।थाना डोंगरगांव पुलिस की कार्यवाही आगे जारी रहेगी।

## 700 लीटर पानी खर्च कर 1किलो धान , यह घाटे का सौदा : राजाराम त्रिपाठी

### हमें धान के अलावा अन्य फसल के पैदावार पर भी सोचना होगाः राजाराम त्रिपाठी , छत्तीसगढ़ की धरती में अपार संभावनाएं : राजाराम त्रिपाठी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अपनी विशिष्ट सामूहिक खेती के लिए प्रसिद्ध , मेडिशनल प्लांट बोर्ड आफ इंडिया के सदस्य , हर्बल व कालीमिर्च की खेती के लिए विश्व प्रसिद्ध राजाराम त्रिपाठी छत्तीसगढ़ की धरती से लगातार कम हो रहे पानी से व्यथित हैं ! महाराष्ट्र के गोंदिया में गोष्ठी को संबोधित कर वापस कोंडागाँव जाते समय उन्होने राजनांदगांव में पत्रकारों से बातचीत की और समृद्ध छत्तीसगढ़ व जलसंकट पर अपने विचार साझा किए । उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती अपार संभावनाओं से परिपूर्ण है । यहां अधिकांश फसलें हो सकती हैं विशेषकर वऐसी फसलें भी जो अन्य जगह नहीं हो सकती । लेकिन अब छत्तीसगढ़ में जल संकट दिखाई दे रहा है , ग्रामीण क्षेत्रों में कुएं सूख रहे हैं, तालाब सूख चुके हैं और जहां कभी पानी की तकलीफनहीं होती थी वहां भी पानी की तकलीफदिखाई देने लगी है ! बड़ी-बड़ी नदियां जहां पर आवागमन की बातें हो



रही थीं वह सूख चुकी है , और वहां मोटर- गाड़ी चल रही है ! आने वाले दिन और भी कठिन होने वाले हैं । धान का कटोरा छत्तीसगढ़ की मुख्य फसल धान है और बिना पानी के धान की कल्पना नहीं की जा सकती है। किसानों से अपील है कि वह गर्मी वाले धान की खेती को बंद करें और अन्य फसलों पर ध्यान दें । 700 लीटर पानी खर्च करके 1 किलो धान उगाते हैं तो यह घाटे का सौदा है ! पानी के उपयोग के हिसाब से आपके 1 किलो धान की लागत लगभग ?10000 बैठती है जो कि अंतत: आर्थिक रुप से नुकसानदायक है । छत्तीसगढ़ में अन्य लाभकारी फसलों के बारे में भी सोचा जाना चाहिए ऐसे कई फसले हैं जिन्हें पानी पिलाने की नहीं दिखाने की जरूरत है ! राजाराम त्रिपाठी ने अपील की है कि हम सब मिलकर ही छत्तीसगढ़ को पानी के संकट से उबार सकते हैं और इसके लिए हमारी धरती पानी ज्यादा से ज्यादा अवशोषित करे , यह प्रयास करना होगा ।

## उपसमिति राजनांदगांव में राजपूत एकता पेनल की एकतरफा जीत




### भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय अध्यक्ष निर्वाचित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादाह (पं. क्र. 1282) उप समिति राजनांदगांव का त्रिवार्षिक चुनाव आज यहां संपन्न हुआ, जिसमें राजपूत एकता पेनल ने भुवाल - गुगेल - पवार पैनल को पराजित कर सभी 15 पदों पर विजय श्री हासिल की । अध्यक्ष पद के लिए राजपूत एकता पेनल के भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय ने सीधे मुकाबले में प्रदीप सिंह गुगेल को 197 मतों से पराजित किया । श्री क्षत्रिय को 560 और श्री गुगेल को 363 मत प्राप्त हुए । उपाध्यक्ष पद पर संतोष सिंह चंदेल (470 मत) ने बांके सिंह (363 मत) को पराजित किया । कोषाध्यक्ष पद हेतु देवेंद्र सिंह बैस (439) निर्वाचित हुए । उन्होंने मन्नू सिंह राजपूत (404) को पराजित किया । सचिव पद पर रघुनंदन सिंह ठाकुर ने 554 मत हासिल किया । उन्होंने तेज कुमार सिंह (382) को पराजित किया । उपसचिव पद पर आदर्श सिंह ठाकुर (523) ने दिनेश सिंह (358) को पराजित किया । केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य के लिए केदार सिंह राजपूत (532) निर्वाचित हुए । उन्होंने नरोत्तम सिंह पवार (391) को पराजित किया । केंद्रीय निर्णायक सदस्य पद के लिए लालेंद्र सिंह ललित (479) ने रमन सिंह राजपूत (375) को पराजित किया ।

कार्यकारिणी सदस्यों में अजीत सिंह भारद्वाज (470), प्रदीप सिंह (467), इंद्रपाल सिंह (453), घनश्याम सिंह (445), बजरंग बहादुर सिंह (443) और सुरेंद्र सिंह सिकरवार (436) चुने गए । महिला अध्यक्ष पद हेतु राजपूत एकता पेनल की श्रीमती शशि चौहान और महिला सचिव पद हेतु श्रीमती माधुरी ठाकुर निर्वाचित घोषित किए गए । उल्लेखनीय है कि उपसमिति राजनांदगांव का मतदान कल संपन्न हुआ था । रात में मतगणना प्रारंभ हुई और आज तड़के पांच बजे सभी पदों के परिणाम घोषित कर दिए गए । युवा अध्यक्ष और युवा सचिव पूर्व में निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं ।

## हसन ख्वाजा ने रखा अपना पहला रोजा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पवित्र रमजान के महीने के चलते एम. आई. जी. - 1 दीनदयाल नगर चिखली निवासी पिता अजहर ख्वाजा (महिला एवं बाल विकास) और माता परवीन ख्वाजा (शिक्षा विभाग) के पुत्र हसन ख्वाजा (अहद) 6 वर्ष ने अपना पहला रोजा मुकम्मल किया है। उल्लेखनीय है कि ईद उल फित्तर 31 मार्च को होना संभावित है। अगर चांद की तस्दीक हों जाती हैं। तो 31 मार्च को निश्चित रूप से ईद उल फित्तर मनाया जाएगा। रमजान के चलते मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा विशेष नमाज अदा की जाएगी। ईद को लेकर समाज में अभी से उत्साह का माहौल बनने लगा है।इसके लिए बाजार में अभी से खरीदारी शुरू हो गई है।



# झेरिया यादव समाज का प्रदेश स्तरीय युवक - युवती परिचय सम्मेलन सम्पन्न



**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव की राजनांदगांव महानगर इकाई द्वारा रविवार, 23 मार्च को प्रदेश स्तरीय सामाजिक युवक - युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन गाँधी सांस्कृतिक भवन म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड राजनांदगाँव में किया गया। समाज के अध्यक्ष गरीबाराम यादव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि लंबे अरसे बाद आयोजित इस वृहद सम्मेलन में लगभग लगभग 200 युवक - युवतियों ने वैवाहिक पत्रिका हेतु अपना पंजीयन कराया तथा 80 लोगों ने मंच पर आकर अपना परिचय दिया। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए 1000 से भी अधिक स्वजातीयजनों ने सहभागिता दी। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अथिति लोकसभा सांसद संतोष पांण्डे ने शानदार आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। उन्होंने सामाजिक उत्थान में महिलाओं की भूमिका को बहुत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रांतीय अध्यक्ष जगनिक यादव ने समाज में व्याप्त कुरीतियों तथा नशे की प्रवृत्ति को कम कर समाज के आर्थिक और सामाजिक विकास पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित महापौर मधुसूदन यादव की धर्मपत्नी श्रीमती करुणा यादव ने सम्मेलन में भाग ले रहे युवक - युवतियों को बेझिझक मंच पर आकर अपना परिचय देने के लिए प्रोत्साहित किया। छत्तीसगढ़ वेयरहाउस कॉरपोरेशन के पूर्व अध्यक्ष नीलू शर्मा ने उपस्थित समुदाय को संबोधित करते हुए शिक्षा और सामाजिक एकता को समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर नगर निगम महापौर परिषद के सदस्य एवं पार्षद शैंकी बग्गा, पार्षद श्रीमती खेमीन राजेश यादव एवं पूर्व पार्षद श्रीमती जया दुर्गेश यादव भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विभिन्न कार्यक्रमों में व्यस्त होने के कारण विलंब से पहुंचे महापौर मधुसूदन यादव ने सफल आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ झेरिया समाज महानगर इकाई के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। समाज के महामंत्री सुदेश यादव ने बताया कि इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, पारंपरिक राउत नाचा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ



### स्वास्थ्य परीक्षण हुआ, ड्राइविंग लाइसेंस भी बनाये गये

स्वजातीयजनों के स्वास्थ्य परीक्षण तथा ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन भी किया गया जिसमें 100 से भी अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा लगभग 40 ड्राइविंग लाइसेंस बनाये गये। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष जगत राम यादव, भगत सिंह यादव, राजनैतिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजू यादव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती आशा संतोष यादव, जिलाध्यक्ष प्रीतम यादव (महासमुंद), श्रीमती गायत्री यादव (दुर्ग), हेमकांत यादव (बेमेतरा), धनीराम यादव (कबीरधाम), राजनांदगांव जिला के पूर्व अध्यक्ष बिसेलाल यादव सहित अंबागढ़ चौकी, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, खैरागढ़, महासमुंद, तखतपुर, बागबाहरा, रायपुर, बिलासपुर आदि जिलों से सामाजिक पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में युवक युवती एवं महिलाएँ उपस्थित हुए। कार्यक्रम में समाज में विशिष्ट योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं सहित प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्षों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन समाज के सचिव पूनाराम यादव एवं महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती शोभा यादव ने तथा आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष राजेश यादव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में



झेरिया यादव समाज राजनंदगांव महानगर इकाई के महामंत्री सुदेश यादव, दुर्गेश यादव, कृष्णा यादव, उपाध्यक्ष अमन यादव, मनोज यादव, संतोष यादव, कोषाध्यक्ष राजेश यादव, सहसचिव नितेश यादव, मुरली यादव, सलाहकार महेश यादव, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष चेतन यादव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती शोभा यादव, संरक्षक श्रीमती मालती यादव, झंगलुराम यादव, रामलाल यादव, बोधन राम यादव, गोविन्द यादव, श्रीमती उर्मिला यादव, श्रीमती ललिता यादव, संतोष यादव,जय यादव, गोविंदा यादव, भरत यादव, यशस्वी यादव, संदेश वाहक बिसनाथ यादव आदि का सहयोग प्राप्त हुआ। आयोजन समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग, क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, नगर निगम एवं सभी स्वजातीयजनों का आभार प्रकट किया है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com